# स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम

# एम.ए.संस्कृत

## (एम.एस.के.)

## कार्यक्रम दर्शिका


मानविकी विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

नई दिल्ली -110068

ई-मेल : *soh@ignou.ac.in*, *masanskrit@ignou.ac.in*

# इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
# नई दिल्ली

## एम.ए.संस्कृत कार्यक्रम

**1. प्रस्तावना**

संस्कृत का अध्ययन-अध्यापन वर्तमान विश्व की आवश्यकता है। संस्कृत भाषा और साहित्य का अध्ययन बौद्धिक और वैज्ञानिक चेतना से सम्पन्न भारतीय मनीषा की मेधा और ज्ञान परंपरा को आत्मसात करना है। इग्नू के मानविकी विद्यापीठ द्वारा इस महत्तर उद्देश्य के साथ एम.ए.संस्कृत का कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा तथा साहित्य का विस्तृत और विशेषज्ञतापूर्ण ज्ञान प्रदान करना है। इसके अध्ययन के फलस्वरूप विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा, साहित्य,व्याकरण, दर्शन,वेद और भारतीय संस्कृति और सभ्यता का सम्यक बोध होगा। विद्यार्थी विषय के आस्वादन के साथ ही संस्कृत की ज्ञान परंपरा से जुड़कर भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का भी अवगाहन कर सकेंगे।

**2. प्रवेश के लिए योग्यता**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की उपाधि।

**3. कार्यक्रम अवधि**

न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष।

**4. शुल्क विवरण**

पूरे कार्यक्रम के लिए 12000/- , रु.6000/- प्रतिवर्ष

**5. शिक्षण माध्यम**

यह पाठ्यक्रम हिन्दी माध्यम में उपलब्ध कराया जा रहा है।

**6. क्रेडिट पद्धति**

एम.ए.संस्कृत कार्यक्रम में अध्ययन हेतु क्रेडिट पद्धति अपनाई गई है। 2 वर्ष के इस कार्यक्रम के लिए 64 क्रेडिट के पाठ्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रत्येक वर्ष में 32 क्रेडिट अर्जित कर सकता है।

**7. कार्यक्रम संरचना**

64 क्रेडिट का यह पाठ्यक्रम दो शिक्षण वर्षों में विभाजित है। प्रत्येक वर्ष के लिए अध्ययन हेतु 32 क्रेडिट का पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया गया है। इन पाठ्यक्रमों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करना शिक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

**8. शिक्षण प्रविधि**

एम.ए.संस्कृत कार्यक्रम की शिक्षण प्रणाली छात्रोन्मुखी दूर शिक्षा पद्धति पर आधारित है। इस कार्यक्रम में शिक्षण हेतु निम्नलिखित माध्यमों का प्रयोग किया जाएगा –

**I. मुद्रित सामग्री –**

एम.ए.संस्कृत कार्यक्रम की मुख्य पाठ्य-सामग्री आपको मुद्रित रूप में भेजी जाएगी, साथ ही सॉफ्ट कॉपी के रूप में ई-ज्ञानकोश के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार विषय के लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों द्वारा लिखे गए पाठों (इकाइयों) को विभिन्न पुस्तकों (खंडों) के रूप में मुद्रित कर स्व-अध्ययन सामग्री के रूप में भेजा जाएगा। प्रत्येक इकाई की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि वह आपके अध्ययन में सहायक सिद्ध हो। इन इकाइयों में क्रम से उद्देश्य,प्रस्तावना,मुख्य भाग,सारांश और अंत में अभ्यास प्रश्न दिये गए हैं। इकाई का एकाग्रतापूर्वक अध्ययन कीजिये और मुद्रित पृष्ठों की खाली जगहों का नोट्स लेने के लिए आवश्यकतानुसार उपयोग कीजिये। विषय से संबन्धित सभी बिन्दुओं को सरल रूप में इकाई में समझाया गया है, जिससे आपको किसी तरह की कोई कठिनाई न हो। फिर भी यदि किसी बिन्दु पर आपको कोई कठिनाई हो तो आप स्पष्टीकरण के लिए अध्ययन केन्द्रों के परामर्श सत्रों का उपयोग कर सकते हैं।

**II. ऑडियो/वीडियो कार्यक्रम –**

अनुपूरक अध्ययन सामग्री के रूप में विश्वविद्यालय ऑडियो और वीडियो कार्यक्रमों का निर्माण करता है, जो अध्ययन केन्द्रों के परामर्श सत्रों,ज्ञानदर्शन चैनल, ज्ञानवाणी चैनल और ई-ज्ञानकोश पर उपलब्ध हैं। इनका उपयोग आपके अध्ययन के क्षितिज को विस्तृत करेगा।

**III. परामर्श सत्र –**

विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों द्वारा आयोजित किए जाने वाले परामर्श सत्र विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और समस्याओं के समाधान के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के मुख्यालय, नई दिल्ली में स्थित 'संचार केंद्र' द्वारा टेलीकॉन्फ्रेंसिंग,एडुसेट,ज्ञान दर्शन और रेडियो चैनल ज्ञानवाणी के माध्यम से भी परामर्शसत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां आप टेलीफोन/ई-मेल द्वारा उपस्थित अध्यापक/विशेषज्ञ से संवाद कर सकते हैं और अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

**9. परीक्षा योजना –**

विद्यार्थियों का मूल्यांकन दो प्रकार से किया जाता है :-

**I. सत्रीय कार्य के द्वारा सतत मूल्यांकन –**

इग्नू द्वारा अपने शिक्षण कार्यक्रमों के लिए सतत मूल्यांकन पद्धति को अपनाया गया है। प्रत्येक शिक्षण सत्र में निर्धारित सत्रीय कार्य और सत्रांत परीक्षा के माध्यम से सतत मूल्यांकन किया जाता है। सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत और सत्रांत परीक्षाओं के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। सत्रीय कार्य में आप जो अंक प्राप्त

करेंगे उसे आपके परीक्षाफल के अंकों में जोड़ दिया जाएगा। यह सत्रीय कार्य निर्धारित समय पर पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया जाएगा, जहां से प्राप्त करके आप उसे दिये गए प्रारूप में तैयार कर अपने अध्ययन केन्द्रों पर जमा कर सकते हैं।

**II. सत्रांत परीक्षा –**

सत्रांत परीक्षा मूल्यांकन पद्धति का अभिन्न अंग है। सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत और सत्रांत परीक्षाओं के लिए 70 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं।

***कार्यक्रम संयोजक***

***प्रो.सत्यकाम, आचार्य, मानविकी विद्यापीठ***

***समकुलपति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली***

***ई-मेल :***

***masanskrit@ignou.ac.in***

***soh@ignou.ac.in***

***संपर्क : 011-29572784, 011-29572753***

# निर्धारित पाठ्यक्रम

**एम.ए. संस्कृत कार्यक्रम**

**(एम.एस.के.)**

## प्रथम वर्ष

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम कोड | पाठ्यक्रम का शीर्षक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 1. | MSK 01 | संस्कृत साहित्यशास्त्र एवं साहित्य | 8 |
| 2. | MSK 02 | व्याकरण | 8 |
| 3. | MSK 03 | दर्शन : न्याय-वैशेषिक, वेदान्त, सांख्य और मीमांसा | 8 |
| 4. | MSK 05 | वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय संस्कृति और सभ्यता | 8 |

## द्वितीय वर्ष

| क्रम सं. | पाठ्यक्रम कोड | पाठ्यक्रम का शीर्षक | क्रेडिट |
|---|---|---|---|
| 5. | MSK 04 | आधुनिक संस्कृत साहित्य और साहित्यशास्त्र | 8 |
| 6. | MSK 06 | भाषा विज्ञान,अनुवाद एवं निबंध लेखन | 8 |
| 7. | MSK 07 | साहित्य शास्त्र : काव्यप्रकाश,ध्वन्यालोक और दशरूपक | 8 |
| 8. | MSK 08 | संस्कृत साहित्य : गद्य, पद्य एवं नाटक | 8 |

# एम.ए.संस्कृत कार्यक्रम पाठ्य विवरण

इस कार्यक्रम में आपको निम्नलिखित पाठ्यचर्या का अनुपालन करते हुये अध्ययन करना है। इससे संबन्धित स्व-अध्ययन सामग्री आपको खंडवार विभाजित इकाइयों (पाठों) के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी –

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 1** | **MSK 01 : संस्कृत साहित्यशास्त्र एवं साहित्य** | **8 क्रेडिट** |

संस्कृत साहित्य का इतिहास, **साहित्य शास्त्र :** साहित्यदर्पण (प्रथम से षष्ठ परिच्छेद पर्यन्त), **मेघदूत** : महाकवि कालिदास (पूर्वमेघ श्लोक 1 से 63 और उत्तरमेघ श्लोक 1 से 52 पर्यन्त), **मृच्छकटिक :** शूद्रक (सभी अंकों से चयनित श्लोक)

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 2** | **MSK 02 : व्याकरण** | **8 क्रेडिट** |

सुबन्त प्रकरण, **कारक प्रकरण :** सिद्धान्त कौमुदी, **तिङन्त प्रकरण :** भू धातु (परस्मैपद), **तिङन्त प्रकरण :** एध् धातु (आत्मने पद), तिङन्त प्रक्रिया, कृदंत प्रकरण, तद्धित प्रकरण
नोट : प्रत्येक अन्विति से रूपसिद्धि और सूत्रों की व्याख्या पूछी जाएगी।

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 3** | **MSK 03 : दर्शन : न्याय-वैशेषिक, वेदान्त, सांख्य और मीमांसा** | **8 क्रेडिट** |

भारतीय दर्शन, **तर्कसंग्रह** (अन्नं भट्ट), **वेदान्त सार** (सदानंद) भाग-1,**वेदान्त सार** (सदानंद) भाग-2, **सांख्यकारिका** (ईश्वरकृष्ण), **अर्थसंग्रह** (लौगाक्षिभास्कर)

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 4** | **MSK 05 : वैदिक वाङ्मय एवं भारतीय संस्कृति और सभ्यता** | **8 क्रेडिट** |

वैदिक साहित्य का इतिहास, वेदांग, वैदिक सूक्त, **निरुक्त** (अध्याय 1 और अध्याय 2 का प्रथम पाद), वैदिक व्याकरण, भारतीय संस्कृति और सभ्यता

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 5** | **MSK 04 : आधुनिक संस्कृत साहित्य और साहित्यशास्त्र** | **8 क्रेडिट** |

आधुनिक संस्कृत साहित्य का इतिहास, **जानकीजीवनम्** (अभिराज राजेंद्र मिश्र) – प्रथम सत्र, **मीरालहरी** – पंडिता क्षमाराव, **उपाख्यानमालिका** – राधावल्लभ त्रिपाठी, **काव्यालंकारकारिका** – महामहोपाध्याय रेवा प्रसाद द्विवेदी

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 6** | **MSK 06 : भाषा विज्ञान,अनुवाद एवं निबंध लेखन** | **8 क्रेडिट** |

भाषाविज्ञान एवं भाषा, ध्वनिविज्ञान, ध्वनिविचार, ध्वनि-परिवर्तन एवं ध्वनि-नियम, पद, वाक्य एवं अर्थ विज्ञान, भाषाओं का वर्गीकरण एवं भाषा परिवार, भाषाशास्त्र एवं लिपि का इतिहास, अनुवाद और निबंध लेखन

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 7** | **MSK 07 : साहित्य शास्त्र : काव्यप्रकाश,ध्वन्यालोक और दशरूपक** | **8 क्रेडिट** |

**काव्यप्रकाश (मम्मट)-** 1-4 और 7-10 उल्लास, **ध्वन्यालोक (आनंदवर्धन)** – प्रथम एवं चतुर्थ उद्योत, **दशरूपक (धनिक एवं धनंजय)** – प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रकाश, **संस्कृत काव्यशास्त्र का सर्वेक्षण :** प्रमुख आचार्य और संप्रदाय

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम 8** | **MSK 08 : संस्कृत साहित्य : गद्य, पद्य एवं नाटक** | **8 क्रेडिट** |

**नैषधीयचरितम् (श्रीहर्ष)-** प्रथम सर्ग, **कादम्बरी (बाणभट्ट)-** महाश्वेतावृत्तान्त, **उत्तररामचरित(भवभूति)**, **नलचंपू (त्रिविक्रमभट्ट )-** प्रथम उच्छवास (वर्षा-वर्णन पर्यन्त)


प्रवेश हेतु और अधिक जानकारी के लिए लॉग ऑन करें :

www.ignou.ac.in

अथवा

हमसे सीधे जानकारी प्राप्त करें

Email

*masanskrit@ignou.ac.in*

*soh@ignou.ac.in*

दूरभाष : 011-29572784, 29572753